# इंटरनेशनल ट्रेड शो बनेगा प्रदेश की स्थायी पहचान

लखनऊ, विशेष संवाददाता। ग्रेटर नोएडा में सितंबर में होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो अब यूपी की कारोबारी तरक्की की नई पहचान बनेगा। यह पहचान स्थाई होगी।

पहली बार योगी सरकार 21 सितंबर से 25 सितबर तक उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजित कर रही है। अब सरकार ने तय किया है कि यह आयोजन हर साल इन्हीं तारीखों में ग्रेटर नोएडा में ही और उसी स्थान पर होगा। इस आयोजन को दिल्ली के इंटरनेशनल ट्रेड फेयर जैसी पहचान मिल सकती है।

एमएसएमई के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने इस आयोजन को यूपी की एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के लिए उत्प्रेरक बताया है। ट्रेड शो के जरिए यूपी के उद्यमियों को विदेश में बड़ा बाजार उपलब्ध होगा। कौशल विकास मिशन व ग्रामीण विकास मिशन को भी ट्रेड शो से जोड़ा जाएगा। इस मेगा इवेंट के लिए 15 विभाग व संस्थाएं मिल कर अपनी योजनाएं, कार्याकलाप पेश करेंगे। जबकि प्रदेश भर के उद्यमी अपनी उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। इस आयोजन के लिए खर्च की व्यवस्था मानसून सत्र में आने वाले अनुपूरक बजट से कराई जाएगी।

**21** से 25 सितंबर तक होगा उत्तर प्रदेश इंटरनेशल ट्रेड शो